विषय -हिंदी (पूरक पुस्तक बाल राम कथा)　　　　　　　　　　　　　　　　　　पाठ योजना - 12

पाठ - राम का राज्याभिषेक

पूर्व ज्ञान/ विषय वस्तु पाठ्येतर विषय वस्तु	अधिगम उद्देश्य सामान्य	अधिगम उद्देश्य विशिष्ट
पूर्व ज्ञान: लंका विजय पूर्वज्ञान संबन्धित प्रश्न- परिशिष्टसंख्या-12 अ/१ विषय वस्तु- :- राम का राज्याभिषेक उपविषय वस्तु :- अ)सामाजिक ज्ञान आ) गुण ग्रहण इ)नैतिक मूल्यों का विकास पाठ्येतर विषय वस्तु *सूची निर्माण *विश्लेषण क्षमता *चर्चा *सामूहिक चर्चा *संवाद विधा	विद्यार्थी :- अ१)श्री राम की लंका से अयोध्या तक की यात्रा से परिचित हो सकेंगे । अ२)श्री राम की भांति कर्तव्य पालन में सजग हो समस्या सुलझाने में सक्षम हो सकेंगे । आ१)रामायण के पात्रों के प्रति कृतज्ञता के भाव से पोषित हो सकेंगे । आ२)महापुरुषों के गुणों से परिचित हो सकेंगे । इ) श्री राम कथा के पात्रों के आदर्शवादी व्यवहार से अवगत हो सकेंगे ।	विद्यार्थी :- अ१) श्री राम की विजय पर कलात्मक प्रस्तुति कर सकेंगे । अ२)श्री राम की कर्तव्य निष्ठता पर कक्षा में चर्चा कर सकेंगे । आ१) रामायण के पात्रों पर एक भीति चित्र का निर्माण कर सकेंगे । आ२))महापुरुषों के प्रति सम्मान का भाव दर्शाते हुए कविता या अनुच्छेद लिख सकेंगे । इ) श्री राम कथा के पात्रों के गुणों को अपने व्यक्तित्व में आत्मसात कर सकेंगे।

गृहकार्य:- पाठ से संबन्धित प्रश्न ।

क्रियाविधि:-प्रश्नोतरी निर्माण करने से सम्बंधित ।

और प्रगति

कक्षा :- छह   माह- फरवरी

अध्यापिका की गतिविधि	विद्यार्थियों की गतिविधि	पाठ पढ़ने के बाद अध्यापिका का मंतव्य तथा निराकरण
पूर्व ज्ञान पर आधारित प्रश्न पूछेंगी:- (परिशिष्टसंख्या :-12 अ/१) काठिन्य निवारण हेतु गतिविधि (परिशिष्टसंख्या :-12 अ/२) अध्यापिका के निर्देशन में विद्यार्थी उचित विराम चिन्ह के साथ शुद्ध उच्चारण का ध्यान रखते हुए पाठ पढ़ेंगे । अध्यापिका के निर्देशन में विद्यार्थी अध्यापिका द्वारा निर्धारित अंश की व्याख्या का प्रयास करेंगे । अध्यापिका के निर्देशन में पाठ के अर्थ को आत्मसात कर पाठ के अंत में दिए प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास करेंगे । क्रियाकलाप हेतु क्रियाविधि :- परिशिष्टसंख्या :-12 अ / 3 अभ्यास हेतु कार्यपत्र परिशिष्टसंख्या :-12 अ / 4	पूर्व ज्ञान पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देंगे :- (परिशिष्टसंख्या :-12 आ/१) काठिन्य निवारण हेतु गतिविधि में भाग लेंगे। (परिशिष्टसंख्या :12 आ/२) विद्यार्थी उचित विरामचिन्ह के साथ शुद्ध उच्चारण का ध्यान रखते हुए पाठ पढ़ेंगे । विद्यार्थी निर्धारित अंशों की व्याख्या करेंगे । विद्यार्थी पाठ के अंत में दिए प्रश्नों के उत्तर देंगे । अपनी गतिविधियों में भाग लेंगे। परिशिष्टसंख्या :-12 आ / 3 अभ्यास हेतु दिए गए कार्यपत्र को पूर्ण करेंगे।परिशिष्टसंख्या12 आ/ 4	पाठ पढ़ाने के बाद लिखा जाएगा ।

सहायक सामग्री :- पाठ्य-पुस्तक ,स्मार्ट बोर्ड एवं संलग्न प्रपत्र 1 कार्यपत्र ,क्रियाकलाप का विवरण

विधि:- १。 पठन-पाठन विधि,२。उदाहरण विधि,३. काठिन्य निवारण विधि, ४.व्याख्या विधि ५.व्यास

अंत:विषय सम्बन्ध :ऐतिहासिक ज्ञान , प्रकृति ज्ञान , कला ज्ञान तथा कर्तव्य बोध ।

विद्यालयीय भवन :- विद्यालय के पुस्तकालय से श्री राम कथा का पठन करेंगे ।

विभागाध्यक्ष   समन्वयक   उपप्रधानाचार्य   प्रधानाचार्य

कक्षा -छह (हिंदी पूरक पुस्तक बाल रामकथा)

पाठ 12 - राम का राज्याभिषेक

परिशिष्टसंख्या:-12

पूर्व ज्ञान से संबन्धित प्रश्न -परिशिष्टसंख्या 12 अ/-1 **संभावित उत्तर**

प्र.1- मेघनाद को और किस नाम से पुकारा जाता है ? इन्द्रजीत ।

प्र.2- लक्ष्मण के उपचार के लिए किस वैद्य को बुलाया गया ? वैद्य सुषेण ।

प्र.3 लक्ष्मण के उपचार के लिए कौनसी बूटी दी गई ? संजीवनी बूटी ।

प्र.4- कुम्भकर्ण कौन था ? रावण का भाई था ।

कथन:- आइए इस पाठ "**राम का राज्याभिषेक** " को पढ़ कर जानते हैं कि राम राज्य क्यों प्रसिद्ध है ।

काठिन्य निवारण हेतु गतिविधि :- परिशिष्टसंख्या -12 अ/2

*कक्षा को चार समूहों में विभाजित किया जाएगा।

*प्रत्येक समूह पाठ के एक निर्धारित अंश से कठिन शब्दों को लिखेगा ।

*समूह आपस में अदलाबदली कर अर्थ लिखने का प्रयास करेंगे।

*अध्यापिका उत्तर की पुष्टि कर विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका पर अर्थ लिखने का निर्देश देंगी।

क्रियाकलाप हेतु क्रिया विधि:- परिशिष्टसंख्या -12अ/3

*कक्षा के विद्यार्थियों को दस - दस के समूहों में विभाजित किया जाएगा ।

* प्रत्येक समूह को श्री राम पर आधारित विभिन्न पक्षों पर बल देते हुए 10 - 10 प्रश्नों की एक प्रश्नोतरी का निर्माण करने को कहा जाएगा । यही प्रक्रिया हर समूह के साथ दोहराई जाएगी ।

<u>मूल्यांकन के मानदंड</u> :

क्रम संख्या	**मूल्यांकन के क्षेत्र**	**अंक - १०**
१	**विषय की प्रस्तुति**	**३**
२	**प्रभावोत्पादकता**	**३**
३	**भाषा का स्तर एवं शुद्धता**	**२**
४	**कार्य की पूर्णता**	**१**
५	**समयबद्धता**	**१**

*अध्यापिका कार्यपत्र करने के लिए देंगी । **अभ्यास हेतु कार्यपत्र परिशिष्ट संख्या 12 आ / 4**

कार्यपत्र

पाठ: राम का राज्याभिषेक **गतिविधि : आओ बूझो पहेली (प्रश्नोतरी निर्माण)**

विद्यार्थीकानाम: **अनुक्रमांक:**

प्रश्न.1. भारत देश अपनी प्रतिज्ञा और वचनों की पूर्ति के लिए सदा प्रसिद्ध रहा है। भारत में प्रसिद्ध ऐसी प्रतिज्ञाओं , वचनों और उनको पूरा करने वाले व्यक्तियों पर आधारित एक भिति चित्र बनाइए जो ज्ञानवर्धक होने के साथ साथ आकर्षक भी हो। (आधार-स्त्रोत:रामायण, महाभारत एवं भारतीय इतिहास)

भारत के वचनों और प्रतिज्ञाओं के धनी भारतवासी

प्रश्न.2.आपनेभीअपने-आपसेयादूसरों(अपनेमाता-पिता, भाई-बहन, मित्रों, अध्यापिकाओं) से कुछ वादे किये होंगे | उनमें से कुछ लिखिए |

1.

2.

3.

4.

5.